मूल्य रु. ५-००

# श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख सलंग अंक १८८/१८९ मार्च-अप्रैल-२०२२



प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.


मंदिर की समूह आरती
જય શ્રીસ્વામિનારાયણ

**संस्थापक**
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७

प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.in

**श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति**
**प.पू.ध.धु. आचार्य १००८**
**श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी**
**आज्ञा से**
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी
( महंत स्वामी )
मो. ९३१३७१९२३२

**पत्र व्यवहार**
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ९३१३७०६०९५
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००



# श्री स्वामिनारायण

## श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

**वर्ष - १५ ● अंक : १८८/१८९ ● मार्च-अप्रैल-२०२३**

## अ नु क्र म णि का

०१. अस्मदीयम् ०४

०२. प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री,
प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा ०५

०३ अहेवाल और संस्मरण ०६

०४ श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुपो के मुख से अमृत वचन ३६

# अस्मदीयम्

अपने श्री स्वामिनारायण सम्प्रदाय में प्रत्यक्ष अपने आराध्यदेव भगवान श्री पूर्णपुरुषोत्तम परमात्मा विराजमान है । हम सभी उनकी मूर्ति में साक्षात् समझकर भक्ति उपासना करते है । हम लोग बड़े से बड़ा पर्व और उत्सव मनाते है । तभी वह विना रुकावट के पूर्ण होता है । दर्शनार्थी परमानंद को प्राप्त करते है । हम सभी साक्षात् भक्त है । ऐसा महाराजजी स्वयं वचनामृत में कहे है । श्रीकृष्ण भगवान का साक्षात् निर्णय है । उसकी भक्ति करने वाला तथा दर्शन करता हो । जो अपने को पूर्णकाम नही माने और अन्तःकरण मे खालीपना रखे इन लोगो को भगवान का तेजोमय रुप है । उसे पूर्ण रुप से नही देखते है । तो उनका पूर्ण कल्याण नही होता है । जो अज्ञानी हो । उनके मुख से भगवान की बात नही सुनना चाहिए । इस लिये जिसें भगवान के प्रति अनन्य निष्ठा हो, उसे भगवान के अलावा कुछ चाहिए नही । श्रीजी महाराज के वचन के प्रमाण से पर्व और उत्सव के अलावा कुछ नही रखते है ।

संपादकश्री ( महंत स्वामी )
शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

दर्शनीय हवेली मूलीधाम



twitrounds.com

# प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

**(मार्च-२०२३)**

२५ भुज मंदिर श्री नरनारायणदेव द्विशताब्दी महोत्सव की पत्रिका देने आये संत-हरिभक्तो को दर्शन देने के लिये पधारना।

३० रामनवमी-श्रीहरि प्रागट्योत्सव में अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर अक्षरभुवन में बालस्वरुप श्री घनश्याम महाराज के पाटोत्सव अवसर षोडशोपचार महाभिषेक अपने करकमलो द्वारा पूर्ण किये।

## प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

**(फरवरी-२०२३)**

१ से १६ अमेरिका जेक्सन विले में नूतन श्री स्वामिनारायण मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा के अवसर पर पधारना वहाँ से सिनासिमाटी चेप्टर पर पधारना।

२२ श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद फाल्गुन सुद-३ परमकृपालु श्री नरनारायणदेव के २०१ वर्ष के पाटोत्सव में षोडशोपचार महाभिषेक अपने करकमलो द्वारा करके सभा में सभी आशीर्वाद दिये।

**(मार्च-२०२३)**

१ श्री स्वामिनारायण मंदिर राणीप गाँव में भाईयो तथा बहनो का क्रमश ३८ वाँ और २४ वे पाटोत्सव के अवसर पर पधारना।
श्री स्वामिनारायण मंदिर घाटलोडिया मंदिर के १६ वे पाटोत्सव पर पधारना।

८ श्री नरनारायणदेव फुलदोलोत्सव के अवसर पर अहमदाबाद के प्रसादी चौक में रंगोत्सव, फूलदोलोत्सव मनाया गया।

१० श्री स्वामिनारायण मंदिर लीलापुर ( बहनोका ) ( मूलीदेश ) मूर्ति प्रतिष्ठा पर पधारना।

१२ मूली मंदिर द्वारा मनाया गया ''उत्सव'' में सेवा प्रदान करने वाले स्वयं सेवको का सन्मान के अवसर पर पधारना।
श्री स्वामिनारायण मंदिर रामपरा ( मूली देश ) के ५ वे पाटोत्सव पर पधारना।

१५ श्री स्वामिनारायण मंदिर जेतलपुर श्री रेवतीजी बलदेवजी हरिकृष्ण महाराज का अभिषेक स्वयं के कर कमलो से पूर्ण किये।
नूतन भोजनालय का उद्‌घाटन तथा सभा को आशीर्वाद दिये।

१८-१९ श्री स्वामिनारायण मंदिर कोटा ( राज. ) नूतन मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा अपने करकमलो से पूर्ण किये।

२५ भुज मंदिर श्री नरनारायणदेव द्विशताब्दी महोत्सव की पत्रिका देने आये हरिभक्तो तथा संतो को सभा में आकर दर्शन दिये।

२६ श्री स्वामिनारायण मंदिर रणजीतगढ ( बहनोका ) ( मूली प्रदेश ) के मूर्ति प्रतिष्ठा अपने करकमलो द्वारा पूर्ण किये।

२९ श्री स्वामिनारायण मंदिर पाणशीणा ( मूली देश ) गाँव में ठाकुरजी की आरती उतारकर सभा में आशीर्वाद दिये।

३० रामनवमी-श्रीहरिप्रागट्योत्सव के दिन अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर अक्षरभुवन में बाल स्वरुप श्री घनश्याम महाराज के पाटोत्सव के अवसर पर षोडशोपचार महाभिषेक अपने करकमलो द्वारा पूर्ण किये।





## मूळी उत्सव

# अहेवाल

नविनजीमृतसमानवर्णं रत्नोल्लसत्कुण्डलशोभिकर्णम् ।
महाकिरीटाग्रमयूरपर्णं श्रीराधिकाकृष्णमहं नमामि ॥

अपने आश्रितो के आत्यंतिक कल्याण के लिये भगवान श्री स्वामिनारायण तीन गूढ संकल्प दिये । उसमें से सर्वप्रथम उपासना की शुद्धि हेतु मंदिर बनाकर अपने स्वरुपो को स्थापित करना था । श्रीहरिने गुजरात की धरा पर नव-नव महामंदिरो का निर्माण कराके स्वरुपो की स्थापना अपने हाथो से किये थे । सम्पूर्ण भरतखंड के मध्य गुजरात के ये मंदिरो की महिमा स्वयं शेषनारायण सहस्त्र मुख से गाये तो भी पार नही पा सकते है । जो व्यक्ति जितना जानता है । उतना सुख पाता है । मंदिर के दूसरे क्रम में मूली मंदिर के वि. सं. २०७९ वसंत पंचमी के दिन २०० वर्ष पूर्ण होने से द्विशताब्दी महोत्सव ''उत्सव'' नामाभिधानके साथ मंदिर में विराजमान महाप्रतापी श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज की असीम कृपा से तथा श्री नरनारायणदेव देश गादी पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के शुभ आज्ञा-आशीर्वाद से, प.पू.

## मूळी उत्सव संस्मरणो

भविष्य आचार्य श्री १०८ श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के अध्यक्षता में तथा उनके पूर्ण मार्गदर्शन में सम्पूर्ण धर्मकुल परिवार के सानिध्य से तीर्थो में रहने वाले ब्रह्मनिष्ठ संत, सांख्ययोगी माताये एवम् लाखो हरिभक्तो की उपस्थिति में भव्य और दिव्य एवम् हर्षोल्लास के साथ ता. २०-०१-२०२३ से ता. २६-०१-२०२३ तक स.गु. श्री ब्रह्मानंद नगर मूली धाम में मनाया गया है।

इस महोत्सव के अर्न्तगत भव्य पोथीयात्रा महोत्सव उद्घाटन, दीप प्रगटीकरण, श्रीमद् सत्संगीभूषण ग्रंथ राजकी कथा पारायण उसी प्रकार से कई सत्संग संवर्धन कार्यक्रम जैसे महिला मंच, युवक मंच, रात्रि के कार्यक्रम, सामाजिक सेवा मेडिकल कैम्प, पर्यावरणलक्षीय सेवा, स्वास्थ्य, जनजागृति, मानव जीवन उत्थान कार्य, प्रेरणात्मक कई कार्य तथा देवो को प्रतिदिन अलग-अलग अन्नकूट छप्पन भोग, राजोपचार, पूजा, पुष्पाभिषेक, पंचामृत अभिषेक भव्य समूह महापूजा, विशाल हरियज्ञ आदि इस महामहोत्सव में महोदित्वानंद असंख्य हरिभक्तने प्राप्त किया। जिस ने भी इस महोत्सव में तन, मन, धन से सेवा किया है। उनका मूलीधाम निवासी श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज आदि देव सभी प्रकार से कल्याण करे। ये निश्चित बात है।

( महंत स.गु. शास्त्री स्वामी हरिप्रकाशदासजी - मूलीधाम )

**पत्रिका लेखन और विजयस्तम्भ स्थापना :** राधाकृष्ण देव के चरणो में अहमदाबाद तथा मूली देश के वरिष्ठ संत के साथ बैठकर प.पू. महाराजश्रीने श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज की चित्र वाली कुमकुम पत्रिका सर्व प्रथम श्री राधाकृष्णदेव को अर्पित करके बाद में विमोचन करके श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुपो का हस्ताक्षर लेकर इस पत्रिका को सभी भक्तो तथा धर्म प्रेमियो जनता को इस उत्सव में तन, मन, धसन भाग लेने निमंत्रण दिया गया।



# पूर्व की तैयारी




पदयात्रा
प्रेरणा
पत्रिका लेखन
विजय स्तंभ स्थापना


पोथीयात्रा

**यशस्वी यजमानश्री का योगदान :** उत्सव धार्मिक हो या सामाजिक इसमें धन की अधिक आवश्यकता पडती है। मूल स्वामिनारायण सम्प्रदाय में नारायण के साथ लक्ष्मीजी नी साक्षात् विराजमान रहती है। इससे धन की कमी रहती ही नही है। हरि भक्त ठाकुरजी को देते है। तो सामने मुरारी किसी का उधार रखते नही है। व्याज सहित गिरधारी वापस देते है। ठाकुरजी अनंत गुना करके दाता को देते है। उत्सव समैया में कितना भी खर्च हो। अन्त में धन बढ जाता है। उत्सव के मुख्य यजमान के पद पर अ.नि.प.भ. गांडाभाई जुगलदास पटेल परिवार कथा पारायण के मुख्य यजमान पद पर, ठाकुरजी के पाटोत्सव के यजमान पद पर अ.नि. नटवरलाल छगनलाल हालाणी (सुरेन्द्रनगर-मकनसर) परिवार तथा धर्मकुल पूजन के यजमान पद पर सद्. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा स.गु. शा. स्वामी पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (जेतलपुर की प्रेरणा से श्रीजी सिरामिक ग्रुप (मोरबी) (रवापर-कच्छ), अ.नि. केशराभाई के. भगत और प.भ. रतनशीभाई के. भगत परिवारने दिव्य लाभ उठाया था। इसके अलावा हरियज्ञ, रंगोत्सव, वसंत की पूजा, हवेली दर्शन द्वार का उद्घाटन, ठाकुरजी का महाभिषेक, छप्पन भोग, २०० संहिता पारायण, संतो की पूजा छोटी-बड़ी सेवाओ में १०६० जितने यजमानश्रीने अपने सद्लक्ष्मी का दानक रके यजमान पद का लाभ उठाये थे।

**पोथीयात्रा और शुभारम्भ :** ता. २०-०१-२०२३ को प्रातः पूरे जोश से पोथीयात्रा मंदिर से प्रस्थान की थी। श्री मांडवरायजी के मंदिर के पास से होती हुई। दोहा दंड का गायनकरते संगीत मय वातावरण में अबील गुलाल के साथ उत्सव निकाला गया। यहा अंत में उत्सव स्थल ब्रह्मानंद नगर तक मनाया गया था।

प.पू. लालजी महाराजश्री तथा प.पू. बड़े महाराजश्रीने निज मंदिर में देवो का श्रृंगार आरती किये। संतो तथा यजमानो के साथ संगीतमय वातावरण में भक्ति भाव वाले माहौल मे देवो का जयघोष करते हुए। उत्सव के मुख्य द्वार ब्रह्मानंद स्वामी प्रवेश द्वार का उद्घाटन किये थे।

जप यज्ञ मंदिर में मूली देश के अनेक प्रांत के भाई-बहन तथा सभी हरिभक्त सात दिन तक अखंड स्वामिनारायण महामंत्र की धुन किये थे।

ब्रह्मानंद कथा मंडप के मुख्य प्रवेशद्वार का उद्घाटन भूदेवो द्वारा वेदोक्त मंत्रो से पूजन करके वरिष्ठ संतो के साथ प.पू. लालजी महाराजश्री, प.पू. बड़े महाराजश्री के साथ रहकर उद्घाटन की पट्टिका खोले थे। संहिता पाठ के लिये १०० की संख्या में संत और भूदेव विराजमान थे।

भगवतकथा के माध्यम से प्रत्येक श्रोतागण के अंतर में विशेष प्रकाश का प्रवेशन तथा शुभ भावना से श्रीहरि के दोनो अपर स्वरुपो ने मूली, अहमदाबाद और भुज देश के वरिष्ठ संत, यजमानश्री, ठाकुर साहब और युवराजजी साथ रहकर दीप प्रगट किये थे। प.पू. बड़े महाराजश्रीने मंगल आशीर्वाद तथा शा. स्वा. पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (जेतलपुर) के मंगल उद्बोधन से कथा के प्रथम वक्ता पद पर मूली मंदिर के स.गु. महंत शा. स्वा. हरिप्रकाशदासजी के मुख से श्रीमद् सत्संगिभूषण कथा पारायण को प्रारम्भ किया गया। कथा के दूसरे वाचक स.गु. शा. स्वा. व्रजवल्लभदासजी (मूली) जी थे। प.पू. लालजी महाराजश्रीने प्रत्येक संहिता पाठी संतो को और भूदेवो का पुष्पमाला पहनाकर सन्मानित किये थे।

**सभा मंडप के दरवाजे से :** अपने उत्सव के बडे मंडप में कथा के केन्द्र बिन्दु भगवान होते है। श्रीहरि के चरित्र से पूर्ण शास्त्र अर्थात् स.गु.पु. श्री वासुदेवानंद वर्णी रचित भक्ति शास्त्र श्रीमद् सत्संगिभूषण, दोनो विद्वानो ने अपने संगीतमय शैली में प्रत्येक दिन सात दिन तक सुबह-शायं लाखो श्रोतागण सुनकर भक्ति के रस में तरोबार हुए। मूली, अहमदाबाद और भुज मंदिर के हमारे विद्वान संतो ने प्रसंगोचित प्रवचन दिये थे। भक्तगणो को आशीर्वादभी दिये।


मंगल प्रारंभ


उत्सव
SK GOLD
सभा मंडप

कई बड़े राजनैतिक हस्तियां समाज के सम्मानित तथा अन्य धार्मिक महानुभाव आमंत्रित मेहमान आकर उत्सव की शोभा बढाये थे। श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुप का नित्य सानिध्य मिला था । प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुप गादीवालाश्री तथा पू. श्रीराजा सम्प्रदाय की मर्यादानुसार अलग से बैठकर व्यवस्था से बहनो को दर्शन का लाभ लिये थे । यु.एस., यु.के. आफ्रिका, ओस्ट्रेलिया और केनाडा से एन.आर.आई. भक्त आये थे ।

शा. स्वा. धर्मवल्लभदासजी ( मूली ) प्रेरित प.भ. हिम्मतभाई एम. मोरसिया द्वारा लेखन किये गये । भगवान श्री स्वामिनारायण के दिव्य अलौकिक चरित्र ''योगेश्वर के दिव्य ऐश्वर्य'' शा. स्वा. भक्तिनंदनदासजी ( हलवद ) प्रेरित ''विचर्या श्रीहरि मूली देश में'' तथा महंत शा. स्वामी हरिप्रकाशदासजी ( मूली ) के संशोधन से और प.भ. श्री हिंमतभाई के सहयोग से प्रकाशित थयेल हुई नयी आवृति ''शिक्षापत्री'' ( नित्य नियम के साथ ), ''कीर्तन सरिता'' और ''कविसम्राट स.गु. ब्रह्मानंद स्वामीनो महिमा'' उसी प्रकार प.भ. श्री जेठाभाई सवाणी ( यु.के. ) द्वारा अर्पण किया गया सौजन्यसे और लेखन से प्रकाशित थयेल ''मूलीधाम की गौरव गाथा'' ( गुज. और अंग्रेजी ) इन सात सत्शास्त्रो का विमोचन वरिष्ठ संतो के साथ श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुपो के कर कमलो द्वारा पूर्ण हुआ । सौजन्य दाताश्री तथा लेखकश्री का सन्मान किया गया था ।

स्टेज पर मूली के वरिष्ट संत श्रीहरि के बडे भाई रामप्रतापभाई आदि आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री, कविसम्राट स.गु. ब्रह्मानंद स्वामी और प्रथम महंत स.गु. देवानंद स्वामी के मूलीधाम के प्रति प्रेम समर्पण को याद करके चारो विभूतियो का दिव्य पूजन किया गया था । साथ ही साथ प.पू. बड़े महाराजश्री मूली के प्रति लगाव को याद करकें उनका भी पूजन किया गया । वरिष्ठ संतो का सम्मान किया गया । विप्र बटुको का यज्ञोपवीत तथा ब्रह्मचोरासी किया गया था । कथा मंडप में सभी श्रोतागण द्वारा व्यास पीठ और स्टेज पर ठाकुरजीकी समूह आरती की गयी थी ।

**महिला मंच :** ता. २३-०१-२०२३ के दिन मध्याहन के समय प.पू.ल.स्व. गादीवालाश्री के आज्ञा आशीर्वाद से तथा पू.श्रीराजा और सांख्ययोगी बहनो के सानिध्य में महिला मंच का सुंदर आयोजन किया गया था । इस में मूली देश की लडकियाँ और युवतियाँ रास, सांस्कृतिक कला संरक्षित रखी है । उन्हे प्रोत्साहन मिले । इस लिये स्टेज पर कला दिखाने का अवसर दिया गया । प.पू.श्रीराजाने सांख्ययोगी बहनो के साथ मिलकर दीप जलाये थे । श्रीराधिका कृष्णाष्टक से शुभारंभ किये थे ।

हालारी युवती मंडल सुरत, पालनपुर पाटिया, राजकोट, सुवासिनी युवती मंडल सुरेन्द्रनगर, मोरबी का युवती मंडल, मकनसर का युवती मंडल और बालिका मंडल, राधाकृष्ण महिला मंडल, सुरेन्द्रनगर बालिका मंडल और रतनपर बालिका मंडल द्वारा नंद रचित कीर्तन के साथ रासोत्सव मनाया गया था । सुरेन्द्रनगर की कु. प्राची पी. परिख नाम की छ वर्ष की कन्या संगीमय शैली में कैसियो से भजन गाई थी । रामपरा गाँव की क्षत्रिय परिवार की ११ वर्ष की कु. किया और खुशाली सिंधव ये बच्चियाँ साफा बांधकर दोनो हाथ में तलवार लेकर रास किये थी ।

**युवा मंच और रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम :** जिस प्रकार श्रीजी महाराज प्रत्येक कला को स्वीकार करके प्रोत्साहन देते थे । इस कला के माध्यम से स्वस्वरुप की पहचान देकर सबको खुश करने वाली परम्परा में प.पू. लालजी महाराजश्री के आज्ञा और आशीर्वाद से बालको में, युवको में और लोक साहित्य कलाकारो में समाज में संस्कार को प्रेरित करे । ऐसी यह महत्वकी कलाये है । उसके प्रोत्साहन के लिये मंच की सुविधा प्रदान की गई ।

युवक मंडल द्वारा, रतनपर के भरवाड तथा स्वामिनारायण युवक मंडल, हालारी सुरत, पालनपुर पाटिया युवक मंडल हालारी भक्त धुलकोट युवक मंडल तथा रणजीतगढ बालमंडल इत्यादि मंडलो द्वारा ट्रेडिशनल ड्रेस में रास खम्बे पर रास में युवको ने श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज को बिराजित किये थे । रंगबिरंगी रेशमी पट्टी से सजाये थे । झालावाडी रास,



# देवो के अनेक प्रकार का अन्नकूट दर्शन


उत्सव



भोगावो नदी की पूजा








# पुस्तक विमोचन





हालारी रास, हुडो रास तथा अठंगो रास नंद संत द्वारा रचित कीर्तन के साथ प्रस्तुत किया गया था।

संस्कार एवम् सत्संग को प्रेरक रुप में दर्शाने के लिये रुपक रुप में प्रस्तुत किया गया था। ब्रह्मानंद स्वामी द्वारा रचित कौवाली का गान भी हुआ था। व्यक्तिनृत्य भी किये गये थे। पार्षदो एवम् युवको द्वारा सत्संग में निष्ठा बढे ऐसा प्रवचन दिया गया था। श्री स्वामिनारायण विद्यालय मकनसर के विद्यार्थी कलात्मक रुप से राष्ट्रध्वज वंदना, पिरामिड नृत्य भी किये थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति गीत शहीदवीर भगतसिंह के रुपक में किये थे। आदित्य गढवी, राजभा गढवी इत्यादि प्रसिद्द संगीत साहित्यविद, लोक साहित्यकारो तथा उर्वशीबेन ऋषभभाई आहीर तथा ऋषदीपभाई इत्यादि प्रसिद्ध गायक कलाकारो द्वारा संगीतमय शैली में कीर्तन दोहा, तथा छंदो और लोकगीत की व्यवस्था की गई थी। तथा संस्कार प्रेरक शौर्य कथाये और निर्दोष हास्य रस की बाते की गई। सभी कलाकारो का यथोचित सन्मान किया गया था।

**शाकोत्सव :** श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुप के कर कमलो द्वारा ता. २४-०१-२०३ के दिन स्टेज पर बैगन की सब्जी बनायी गयी थी। प.पू. महाराजश्री अपने हाथ में तवेथा लेकर सब्जी को मिलाये थे। उस दिन दोपहर के भोजन में प्रत्येक संत-हरिभक्त को श्री राधाकृष्णदेव का स्मरण कराते हुए। बाजरे की रोटी तथा सब्जी, मिष्टान के साथ खिलाया गया था। सभी लोग इसके कृतज्ञ हुए।

**भक्तगणो की भावना को स्वीकार करना :** मंदिर के संकुल विस्तार हेतु मूली के प्रकाशभाई शुक्ल और विश्वासभाई शुक्ल इन दोनो भूदेवोने मंदिर से लगे अपनी जमीन को कृष्णार्पन कर दिये। उसी प्रकार रामपरा गाँव के एक छोटे बालकने श्री ऋषिराज रविभाई चावडा ने अपने स्वजनो से प्राप्त भेट को लगभग एक लाख रुपये उत्सव में प.पू. महाराजश्री के करकमलो पर अर्पण कर दिया था। प.पू. महाराजश्री उसके पिता एक उसको द्वारा पहनाकर सन्मान किये। आशीर्वाद देते समय बोल उठे कि ''अपने गुल्लक में से रुपये बनाकर उत्सव में श्री राधाकृष्णदेव को दिया है। इस लिये ध्वज तो फहरेगा।

प.पू. महाराजश्री सपरिवार उत्सव के कार्यक्रम में पधारे थे। आदि आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री की परम्परा में पूजनीय श्रीहरिकृष्ण महाराजको भी लाये थे। सभी को स्टेज पर भव्य दर्शन श्रीहरिकृष्ण महाराज का कराये। इसी प्रकार से सुहासिनीबा के प्रसादी रुप कांबी और कडे का पूजन किया गया था। सभी ने दर्शन भी किया। एल.ई.डी. पर मूली के प्रत्येक प्रसादी के स्थल का दर्शन कराया गया। शा. स्वा. भक्तिनंदनदासजी (हलवद), शा.स्वा. आत्मप्रकाशदासजी, शा. स्वा. सेवावत्सलदासजी, शा.स्वा नित्यप्रकाशदासजी तथा पार्षदश्री भरत भगत अच्छे से सभा का संचालन किये थे।

**त्रिदिनात्मक श्रीहरियज्ञ महायज्ञ :** पर्व महामहोत्सव में यज्ञ शालाका निर्माण किया गया था। बाँस से निर्मित यज्ञ क्षेत्र १३१ कुंडी यज्ञशाला बनी थी। यह कार्य उत्सव में भी किया गया था। चार वेद के नाम पर चारो दिशाओ में उन्हे वेदो के नाम का प्रवेशद्वार बनाया गया था। ४०० जितने यजमान विगत तीन दिन से भूदेवो द्वारा उच्चरित ऋचाओ के साथ आहुति दिये थे। श्रीफल को डालकर धर्मकुल की उपस्थिति की जय किया गया।

**महापूजा :** महापूजा के मंडप में प्रतिदिन प्रांत अनुसार १००० लोग महापूजा का लाभ उठाते थे। प्रतिदिन धर्मकुल के हाथो से आरती पूर्ण की जाती थी।

**श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली नगर गाथा :** प.पू. लालजी महाराजश्री की आज्ञा से महंत शा. स्वा. हरिप्रकाशदासजी (मूली) और महंत शा. स्वा. पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (जेतलपुर) मिलकर मूली मंदिर तथा नगर का अथ-इति इतिहास का संकलन करके २० मिनट की एक टेली फिल्म बनाये थे। थीयेटर की तरह विशाल डोम में बैठकर प्रतिदिन हजारो लोग इस


राजोपचार

फिल्म को देख कर गौरवान्तित हुए ।

**हवेली दिव्य प्रदर्शनम् :** वि.स. १९३२ में मंदिर के पीछले भाग में चार मंजिल की काष्ठकला से निर्मित जो शीशम के लकडी से बनी है । यह हवेली । ईतिहासकारो तथा पुरातत्वविदो के लिये रस प्रद है । इस हवेली का जीर्णोध्धार करके दिव्य प्रदर्शन की योजना करके श्रीजी महाराज से जुडी हुई अनगिनत प्रसादी की वस्तुओ को व्यस्थित करके दर्शन हेतु रखा गया था । ता. २१-०१-२३ के दिन भव्य आतिशबाजी के साथ प.पू. धर्मकुल के कर कमलो द्वारा किया गया था । आधुनिक इलेक्टानिक्स का उपयोग करके अलग-अलग बिन्दु को दिखाया गया था ।

**गृहउद्योग, आयुर्वेद और नशामुक्ति के लिये प्रोत्साहन :** गृह उद्योग से स्वरोजगार बढता है । उत्पादक तथा उपयभोक्ता दोनो को लाभ मिलता है । बिना किसी दुष्प्रभाव वाली आयुर्वेदिक दवाओ का जन मानस में प्रभाव डाले । इसी शुभ उद्देश्य से ग्राउन्ड पर कई संस्थाओ द्वारा प्राकृतिक



वस्तुओ की विक्री हेतु आदेश दिया गया है । जिस में हथकरघा, हैण्डीक्राफ्ट, के तोरण, गृह उद्योग वस्तुए, शरीर में दर्द निवारण की औषधियाँ, शुद्द मधु, योग से शरीर की रक्षा करने में मदद एवं मार्गदर्शन उपलब्ध था । नशामुक्ति के लिये सभी प्रकार की सलाह, आयुर्वेदिक दवाये, मुखवास वाले पान का स्वाद दर्शको ने लिया था ।

अपने ''श्री स्वामिनारायण'' मासिक कार्यालय द्वारा दाताओ के सौजन्य से कई नये आजीवन सदस्य बनाये गये ।

**स्वास्थ्य सेवाये :** जो श्रीजी महाराज को अच्छा लगता है । वही अपने प.पू. धर्मकुल का अच्छा लगता है । माता-पिता, गुरु और रोगी.... शिक्षापत्री श्लोक नं. १३९ में श्रीहरि के आज्ञानुसार रोगी की सेवा द्वरा आधार की मानव सेवा हो उसी शुभ उद्देश्य से प्राथमिक उपचार, आर्थोपेडिक, स्किन कैन्सर इत्यादि के विशेष पर्व के मध्य सेवा दिये थे । इस में निशुल्क स्वास्थ्य सेवाये दी गई थी ।

**सामान्य जाँच :** ९४४ सर्व रोग निदान दवा के साथ ६७८, आर्थेपडिक मदद ३४२, मधुमेह  **पोथीयात्रा और शुभारम्भ :** ता. २०-०१- की जाच ) ३३८, केन्सर जाँच बहनो के लिये पेप टेस्ट २८३ इसके अलावा ३४६ रोगियो का x - ray, २८२ रोगियो का ECG तथा ८९३ व्यक्तियो का आयुष्यमान कार्ड बना कर दिया गया था । संत, पार्षद और भक्त गणोने इंडियन रेड क्रास सोसासयटी को ३४० बैग ब्लड दान किया गया । स्वास्थ्य लक्षीय सामाजिक जागृति सेमिनार मे डॉ. राजदीप चौहान आदि विशेषज्ञ डाक्टर ने रोगोकी जानकारी एवम् उपचार के विषय में मार्गदर्शन दिये थे ।

**भोजन प्रसाद की सेवा :** श्रीजी महाराजने संतो, भक्तो ब्राह्मणो तथा प्रत्येक मनुष्य को भोजन खिलाकर तृप्त किये । शिक्षापत्री में आज्ञा भी किये है कि

भगवन्मन्दिरं प्राप्तो योऽन्नार्थी कोऽपि मानवः ।
आदरात्स तु सम्भाव्यो दानेनान्नस्य शक्तितः ॥




स्वास्थ्य

## महिला मंच




युवा मंच

# रात्रि के सांस्कृतिक कार्यक्रम







## शाकोत्सव



भगवान के मंदिर के प्रति आये प्रत्येक अन्नार्थी मानव : इसी परम्परा के आधार पर मूल सम्प्रदाय में उत्सव-समैया में कही अन्नदेने का स्थल नही होता है । उत्सव में आठ बडी रसोईघर रात-दिन संतो-भक्तो ब्राह्मणो तथा सभी के लिये । प्रातः एक मिठाई के साथ नास्ता, दोपर हमें दो और समापन के दिन तीन मिठाई के साथ भोजन प्रसाद और शायं के समय भोजन में भारतीय संस्कूति के अनुसार हल्का सुपाच्य भोजन दिया गया । जो लोग आये । उन सभी को भोजन दिया गया । लोग भोजन ग्रहण करके तुप्त हुए थे । प्रातः दोपहर शायं दो-दो घंटे तक का यह भोजन करने का अवसर दिया जाता था । कितने लोग कब भोजन करने आयेगे । किसी को अनुमान नही रहता था । लेकिन साक्षात् देव के प्रताप से सब



यज्ञ

## समूह महापूजा



कुछ पूर्ण हो जाता था । स.गु. स्वामी कृष्णवल्लभदासजी को श्रीजी महाराजने रसोई की मास्टरी दिये थे। आप संतो तथा स्वयं सेवको के साथ रखकर समयोचित सेवा लिये थे ।

**मंदिर लेजर लाइटींग शो और पूजन :** उत्सव के पहले निज मंदिर के जीर्णोध्धार के लिये संगमरमर की सेवा पूरी की गयी थी । पाटोत्सव के पूर्व संध्या को ता. २५-०१-२०२३ को साम के समय मंदिर के दिव्य प्रांगण में धर्मकुल के सानिध्य में कीर्तन-भजन लाईटींग साउन्ड के साथ किया गया था । आतिशबाजी भी की गयी थी । हवेली और मंदिर की पूजा करके समूह आरती की गई । ब्रह्मानंद स्वामी रचित वीररस के पदो के साथ एल.ई.डी. पर मूली निजमंदिर के मुख्यगेट के दोनो तरफ दो सिंहाकृति है । उसका बार-बार दर्शन कराके ।

**देव सेवा :** देव सेवा अपने उत्सव का हदय और केन्द्र बिंदु होता है । श्रीजी महाराजने शिक्षापत्री में आदेश दिये है । देव का उत्सव है । देव के लिये उत्सव है । इसी न्याय के आधार पर श्रीराधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज के समझ निजमंदिर में चोकलेट, अनेक प्रकार शरबत, फल, अनेक ज्यूस, ड्रायफ्रूट, अनके साग-भाजी, खोये की अनेक प्रकारकी मिठाईयो का अन्नकूट, पाटोत्सव के दिन छ्प्पन्न भोग अन्नकूट का दर्शन कराया गया । स.गु. श्री ब्रह्मानंद स्वामी के पूजा को श्री शालीग्रामजी की सवा लाख तुलसी के पत्र द्वारा भाव पूजन और पुष्पाभिषेक किया गया था । जल यात्रा तथा श्री ठाकुरजी की नगर यात्रा के कार्यक्रमो की भव्यता और दिव्यता से सम्पन्न थी । श्री ठाकुरजी का वस्त्र, अलंकारो की यात्रा स्टेज तक लाकर पूजा तथा नये वस्त्र पहनाये गये थे । निज मंदिर में देवो का तथा सभा मंडप में श्री घनश्याम महाराज का दिव्य श्री राजोपचार महापूजा तथा फूलो से अभिषेक किया गया था । इस अवसर पर सभा मंडप में रासोत्सव किया गया था । शायं को श्री भोगवती गंगा पूजन-उत्सव करके महा आरती की गयी थी ।

ता. २६-०१-२०२३ पाटोत्सव को प्रातः यजमानश्री द्वारा पाटोत्सव अभिषेक पूजन तथा श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुप के कर कमलो द्वारा देवो का भव्य अभिषेक पुष्प वर्षा की गयी थी । महाभिषेक के समय दर्शनार्थियो की अधिक भीड थी । धर्मकुल के हाथ से पूजन किये थे । ठाकुरजी को चांदी का वाधा वस्त्र, अलंकारो से युक्त दान के बाद श्रृंगार किया गया था । स्थायी देव की स्मृति बनी रहे । ऐसा दर्शन कराया गया । सात दिन तक यजमानश्री द्वारा पूजन तथा गौमाता के लिये हरि घास खिलाई गयी ।

**समापन :** लक्ष्मी फिलामेन्ट अहमदाबाद ( मेथाणवाले ) के यजमान पदे से मंदिर की ध्वजा फहराई गयी । श्री शिक्षापत्री जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर के सभा मंडप में समूह वाचन तथा महोत्सव के जगह पूजा की गई थी । भारत के ७४ वे गणतंत्र दिन के अवसर पर देश भक्ति के गीतो के साथ भारत माता की जय बुलाकर, वंदे मातरम गीत के साथ राष्ट्रवंदना की गयी थी । आज के दिन ५६ वर्ष बाद प.पू. बड़े महाराजश्री सॉफा बांधकर सभा मंडप में आये थे । ७९ वर्ष के उम्र में मुखारविंद तेजस्वी होने के कारण राजाधिराज के रुप में सभी ने दर्शन किये थे ।

कथा मंडप के बाहर प.पू. लालजी महाराजश्री तथा प.पू. श्रीराजा के करकमलो द्वारा तिरंगा लहरा कर धर्मकुल परिवार और संतो सहित राजकीय सामाजिक महानुभाव और उपस्थित सभी ने जन, गण मन ...... राष्ट्रीय गान के साथ ध्वजवंदन किये थे । वसंत का स्वागत करने के लिये दोपहर १२ बजे धर्मकुल के कर कमलो द्वारा परम्परागत रुप से वसंत पूजा आरती की गई थी । महोत्सव के खुले मैदान में सम्प्रदाय का सर्व प्रथम बार श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुपा के करमकलो द्वारा श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज के प्रसादी केसरिया और गुलाबी रंग से रंगकर बसंत को मनाया गया । स्वामिनारायण महामंत्र की धुन का गान संगीत साउन्ड के साथ रंगोत्सव एक घंटे तक दिव्य आनंद प्राप्त किये ।

भक्तिरस से परिपूर्ण प्रसादी के रंग में रंगकर सुखद यादो के साथ वापस लोग गये ।

संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा ( हीरावाडी-बापूनगर )


महाप्रसाद

# सन्मान








## सन्मान





















## सन्मान

# सन्मान





































# अभिषेक दर्शन



# आशीर्वचन

## मूली उत्सव श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुप के मुरव से आशीर्वाद वचन

संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा ( हीरावाडी-बापूनगर )

**प.पू. बड़े महाराजश्री दि. २०-१-२०२३ :** आदरणीय संतो और प्रिय सत्संगी भाईयो, हम कितनी वस्तु देख सकते है । कुछ वस्तुए देख नही सकते है । केवल मात्र अनुभव कर सकते है । उदा. वर्षा तथा बरफ का गिरना देख सकते है । और अनुभव भी कर सकते है । ठंडी और गर्मी देख नही सकते है । मात्र अनुभव कर सकते है । इसी प्रकार श्रद्धा, भावना और शक्ति अनुभव कर सकते है । लेकिन देख नही सकते है । लेकिन इस सभा मंडप में इस वस्तु को देख भी सकते है । महाराज जब मुक्तानंद स्वामी से मिले । और रामानंद स्वामी का दर्शन बाकी था । तब वह बोले थे कि एक बार रामानंद स्वामी का दर्शन हो जाये । इसके बाद हम दोनो जंगल में जाकर भजन, भक्ति और तपस्या करेगे । क्योंकि हमको महल और शहर अच्छे नही लगते है । वन-पर्वत आदि अच्छे लगते है । लेकिन जब महाराज की सत्संग पर द्रृष्टि हुई



सत्संगियो की भावना देखकर अपना विचार बदल दिये। और सत्संग के मध्य रहे। इस प्रकार हमने सर्व प्रथम यह विचार किया कि मूली ''उत्सव'' में प्रतिदिन जायेगे। दोपहर के पश्चात अहमदाबाद वापस आ जायेगे। इस तरह आते-जाते रहेगे। लेकिन आज यहाँ पर सबकी श्रद्धा भावना देखकर अपना विचार बदल दिये। कल से अपनी सामग्री लेकर आयेगे और यही पर निवास करेगे।

अभी लालजी महाराजश्री से बात किये। जैसा देश वैसा भेष यहाँ पर सभी लोगो को साफा बांधा देखकर, मुझे भी साफा बाँधने का मन कर रहा है। एक ही दिन बांधेगे। १३ वर्ष के थे। तब अफ्रिका जाने का अवसर मिला। उस समय पार्षद प्रतिदिन साफा बाँध देते थे। इस प्रकार मुझे कुछ दिन के बाद साफा बांधने आ गया। लालजी महाराजश्री से आज्ञा ले लिया है। एक दिन सभा मंडप में साफा बाँध कर आयेगे। स्वयं श्रीजी महाराज अमी दृष्टि रखकर तथा मंदिर के निर्माता ब्रह्मानंद स्वामी ये सभी प्रत्यक्ष रुप से उत्सव का आनंद लेते होगे। और विचरण करते होगे। पूरी सफलता के साथ इस उत्सव को मनाना है। यह माहौल देखकर अति आनंद हो रहा है। जितने उमंग से ब्रह्मानंद स्वामीने मंदिर का निर्माण किये है। जिस उत्साह से यहाँ पर सत्संग की स्थापना हुई है। रामाभाई राजा से दान प्राप्त किये है। इतने उत्साह और दिव्यता से सर्वोपरि ''उत्सव'' होना है। श्रीजी महाराज स्वयं दिव्य स्वरुप को विचार कर आशीर्वाद देता है।



धन्यवाद और आर्शीवाद के साथ विराम दे रहा हूँ। जय स्वामिनारायण

**दि. २५-१-२०२३ :** स्वामीजी अचानक कहे है कि आप को कुछ बोलना है। हमने कुछ सोचा नही है।ऐसे उत्सव में वक्ता से अच्छा श्रोता बनना आवश्यक है। इन सभी प्रसंगो में मिलने का अवसर मिलता है।आज ठंडी अधिक पडी है। पहले दिन सोचे ये की सात दिन तक तम्बू में रहेगे। लेकिन पहले दिन ही इतनी ठंड पडी की हिम्मत टूट गयी। मैं अहमदाबाद वापस आ गया। महाराजने कहा कि उत्सव यह याद रहेगा। क्योकि सर्दी अधिक पडी थी। इससे मूली तथा यहा का उत्सव सदैव याद रहेगा। इस कारण से राधाकृष्णदेव की स्मृति आयेगी।

वचनामृत में महाराज कहे है कि भगवान का भक्त होना कठिन है। ऐसे भक्तो का मिलना भी कठिनहै। और महाराज कहते है कि ऐसे भक्तो का भक्त होना अच्छा लगता है। ऐसे कई भक्त हुए है। नरसिंह मेहता, मीराबाई अपने सम्प्रदाय में कई लोग हुए। भगवान के भाई बंधु हुए तो वह ब्रह्मानंद स्वामी भाई बंधु होने का गौरव ब्रह्मानंद स्वामी को ही मिला है। वही ब्रह्मानंद स्वामी यहाँ पर सत्संग की नींव रखे है। इतना सुंदर मंदिर बनाये। इस कारण से हम सब की जिम्मेदारी है कि ये स्मृतियाँ अपने मानस पट पर स्थायी अंकित रहे।

यहाँ के उत्सव में जैसा अनुशासन होना चाहिए वैसा दिखाई नही देता है। लेकिन अन्तर की उल्लास के साथ स्वैछिक अनुशासन है। भीड में धक्का मारने का मन कहे तो लोग धक्का मार देते है। कभी-कभी खिसका भी देते है। इस प्रकार का तरंगित मात्र संसार में अन्य कही पर नही दिखाई देता है। यह मात्र भगवान के धाम में दिखाई देता है। जहाँ पर भक्त एकत्र होते है। अनुशासन मुक्त कतार-पंक्ति नही लेकिन अन्तर की उर्मिया सुव्यवस्थित है। इसकी जडे अधिक गहरी है। यहाँ पर हम लोग देश-विदेश से एकत्र हुए है। वाली में एक अपना मंदिर है। इसकी प्रतिष्ठा वासुदेवप्रसादजी महाराजश्री दादाने किया। उनका एक प्रसंग याद आ रहा है। उस समय साधन तथा सड़क यात्रायात की सुविधा का अभाव था। वासुदेवप्रसादजी ऊँट पर बैठकर प्रतिष्ठा करने गये। यह संप्रदाय का प्राचीन इतिहास है। सम्प्रदाय की उज्जवल और परम्परा और गरिमा है। जिसे हमे सुरक्षित रखना है। अहमदाबाद देश में जो परस्पर प्रेम है। उसका बंधन अद्वितीय है। इसके पीछे कोई योजना और संविधान नही है। यह सहज है। आचार्य, संतो

और हरिभक्तो मे आपस में समझदारी, एकता और प्रेम यह आगे की पीढी में बनी रहे। अहमदाबाद गद्दी की शोभा बनी रहे। यही आज के दिन प्रार्थना।

**दि. २६-१-२०२३ :** सुख के दिन जल्दी बीत जाते है। हम लोग उत्सव का रास्ता वर्षो से देख रहे थे। यह देखते-देखते श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज की कृपा से सर्वोपरी उत्सव मनाया गया। इस मंदिर का इतिहास देखे तो इसमें कई विशेषताये है। इस मंदिर के आर्किटेक्ट महाराजजी स्वयं थे। ब्रह्मानंद स्वामी को महाराज जी दर्शन देकर, लाईन खींच कर कहे कि यहाँ पर नींव रखो। खुदी नींव को महाराज ने बदलवाया था। मंदिर के लिये मैंटेरियल, सप्लायर महाराज ही है। महाराज ब्रह्मानंद स्वामी को दर्शन देकर पत्थर की खदान तक ले जाकर पत्थर पर तीन डंडे मारकर कहे कि। इस पत्थर का उपयोग करो। भरवाड का वेष धारण करके कुआ भी बताये थे। धर्मकुल मे से सुवासिनी दीदी ने अपना कडा देकर मंदिर को डोनेट की थी। महाराज ने मूर्ति दिया था।और प्रतिष्ठा भी किये थे। इस लिये यह मंदिर श्री नरनारायणदेव देश गद्दी में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

ब्रह्मानंद स्वामी जी भी महत्वपूर्ण प्रतिभा वाले है। रामानंद स्वामी धुमते-धुमते खाण गाँव में गये थे। और भगवान की महिमा का वर्णन कर रहे ते।उसी समय ब्रह्मानंद स्वामी माँ के पेट में से बोले कि स्वामी। साक्षात् की बात करे। रामानंद स्वामी बोले, प्रगट की बाते आप को बताना है। जो माँ के गर्भ में रहकर इस प्रकार का विश्वास हो। ऐसा संत कितना बडा होगा। उसकी कल्पना कर सकते है। ऐसे संत हम लोगो को मिल चुके है। और यही संत ने मंदिर का निर्माण करवाये थे।

हम लोगो को सभी प्रकार की भेट मिली है। इस लिये इस उत्सव में से कुछ ले जाना है। सफल व्यापारी अवसर देखता है। यह मौके का उपयोग कर लेता है। ये चकडोल वाले लारी गल्ला वाले, को आप देखे।( यहाँ के आस-पास मेला आनंद की नगरी बन गई थी। हमने किसी को आमंत्रण नही दिया था। फिर भी ये लोग मौका देखकर आ गये। छोटे-बडे व्यापारी बनाये। भीड का लाभ कई बार जेब कतरे भी उठाते है। कई वर्ष पहले ऐसे लोग विशेष साधन से मूली के उत्सव में आये थे। लेकिन सफल नही रहे। हमे कथा के माध्यम से कमाई करना है। अच्छी बात को जीवन में उतारना चाहिए। अपने जीवन मे सद्गुणो का विकास करे।



अंग्रेज महाराज से कहते थे। स्वामिनारायण हमारे पास सेना है। हम लोग मनुष्यो को नियम में नही रख पाते है। तो आप बगैर सैनिको के बिना अपने आश्रितो को नियम में रखते है ? महाराज उन्हे शिक्षापत्री देकर कहते है कि इसी के माध्यम से नियमन करते है। आज शिक्षापत्री जयंती है। केवल पूजा ही नही करे। बल्कि शिक्षापत्री का पढन-पाठन प्रतिदिन करे। महाराजने वचनामृत में आदेश किये है। "हमारे द्वारा लिखी गयी शिक्षापत्री हमारे आश्रित जो त्यागी, साधु तथा ब्रह्मचारी एवम् गृहस्थ बहन-भाई प्रतिदिन नही करे तो ऐसे दिनका उपवास करे।" "हमे यहाँ ऐसा विचार नही करना चाहिए कि एक बार पढलिये है तो फिर इसी को नही पढे ? लगातार पढने से हमे याद रहता है। कि हम कब आज्ञा को भंग कर रहे है। यह करने योग्य नही है। आज भंग करने पर दुख आता है। दुख आने पर पेज पढे। आज्ञा भंग करने पर दुख मिला है। शिक्षापत्री में महाराजने उत्तर लिखा है। सुख आने पर भी पेज खोलकर देखे की किस कारण से सुख आया है।

शिक्षापत्री द्वारा महाराज अपने साथ बात करते है । इस लिये यदि पूरा पढ नही सके तो प्रतिदिन पाँच श्लोक अवश्य पढे ।

लालजी महाराजश्री को इस अवसर धन्यवाद देता हूँ कि वे अध्यक्ष पद पर रह कर मार्गदर्शन दिये है । कई कार्य करना है । अभी इससे बड़ा उत्सव आपश्री के अध्यक्ष पद से होना है । महाराज जेतलपुर के वचनामृत में बताये है । यह पूर्ण हो तो सभा का कुछ हो । इस लिये आप सभी महाराजश्री से प्रार्थना करना कि इनके कार्यकाल में श्री नरनारायणदेव की गद्दी की प्रतिष्ठा और आगे बढे । अधिक यश और कीर्ति प्राप्त करे । संतो-भक्तो की स्नेह और देव के आशीर्वाद को प्राप्त करे । यहाँ के मधुर यादो के साथ जा रहे है । पुनः अप्रैल मास में भुज में एकत्र होना है । आप सभी याद रखियेगा । भुज और मूली ये दोनो मंदिर श्री नरनारयणदेव गद्दी के दाहिने और बाँये भुजा है । वहाँ पर भी प्रेम से उत्सव सम्पन्न करना है । सभी को धन्यवाद और आशीर्वाद शुभेच्छा के साथ विराम ले रहा हूँ । जय स्वामिनारायण ।

**प.पू. लालजी महाराजश्री दि. २०-१-२०२३ :** जिस समय की हम लोग पिछले एक वर्ष से राह देख रहे थे । उस उत्सव कि विज्ञापन और तैयारी हम सभी अपने नरनारायणदेव का २०० वर्ष का ''पर्व'' उत्सव समय से मनाये । हमे यहाँ पर कई बार आना हुआ । मैं यह देखता था । इस प्रांत के सभी हरिभक्त दिन रात एक करके सेवा दे रहे थे । राधाकृष्णदेव के प्रति आप सभी का समर्पण निष्ठा के लिये धन्यवाद देते है । निष्ठा नही होने पर यह उत्सव और समैया नही पूर्ण होता । आप के श्रम से ग्राम्य क्षेत्र में एक नगर बना दिये । यह देश-विदेश के लोग देख रहे है । स्वामिनारायण भगवानने नव मंदिर का निर्माण करवाये थे । इस मंदिर में बिराजमान महाप्रतापी श्री राधाकृष्णदेव हम लोगोको मिले है । तो उत्सव निर्विघ्न रुप से पुरा होगा । इसमें शंका नही है । क्योकि राधाकृष्णदेव हजरा-हजूर है ।

